तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

12 परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस प्रतिबंधित



12 बैंकों की 110 शाखाएं, अधिकतर का संपति कर लंबे समय से बकाया...



## खबर संक्षेप

### एससी आयोग के अध्यक्ष आज करेंगे सुनवाई

**हिसार।** हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र बलियाला 25 जुलाई, शुक्रवार को हिसार दौरे पर रहेंगे। यह जानकारी उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र बलियाला लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित जिला सभागार में आयोग में पहले से विचाराधीन मामलों की समीक्षा करेंगे तथा आमजन द्वारा रखी जाने वाली शिकायतों की भी सुनवाई करेंगे।

### आर्यनगर गांव की चौपाल में खुला दरबार 28 को

**हिसार।** आगामी 28 जुलाई को सुबह 10 बजे गांव आर्यनगर की मुख्य चौपाल में खुला दरबार लगाया जाएगा। नलवा के विधायक रणधीर पनिहार अधिकारियों के साथ दरबार में लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गांव आर्यनगर और आर्यनगर मंडल के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि वे व्यापक जनहित के कार्यों को लिखित में लेकर इस समाधान शिविर में पहुंचें।

### उद्घघोषित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**नारनौंद।** पुलिस चौकी मिर्चपुर ने चोरी मामले में उद्घघोषित आरोपी खोथ कलां निवासी सलमान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस चौकी मिर्चपुर में तैनात मुख्य सिपाही सन्दीप कुमार ने बताया कि आरोपी को अदालत ने थाना नारनौंद के चोरी के मामले मे उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### एसडी स्कूल में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता हुई

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरुवार को हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपने सुंदर, साफ-सुथरे और स्पष्ट लेखन से सभी का मन मोह लिया। कक्षा पहली से मुस्कान, दूसरी से तन्वी, तीसरी से जयंत, चौथी से प्रेरणा, पांचवी से प्राची, छठी से पूर्वी, सातवीं से मानवी तथा आठवीं कक्षा से संध्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### भव्य बिश्नोई आज करेंगे विकास कार्यों का उद्घाटन

**आदमपुर।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई 25 एवं 26 जुलाई को आदमपुर में कई विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। पार्टी नेता विक्रांत देवीलाल बिश्नोई ने बताया कि इस दौरान वे 26 जुलाई को सुबह 10 बजे आदमपुर दुकान नं. 107 पर हलकावासियों की समस्याएं भी सुनेंगे तथा मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करके उन्हें दूर करवाने का प्रयास करेंगे। वे हलके के विभिन्न गांवों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेंगे तथा अपनों के सुख-दुख में भी शिरकत करेंगे।

### पुलिस के समर्थन में नारेबाजी, सरकार के खिलाफ दिखाया गुस्सा

# पुलिस के समर्थन में उतरे रिटायर्ड कर्मचारी पुलिस कर्मचारियों के परिवार व जन संगठन

- पुलिस कर्मचारियों पर हमला करने वाले आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने तथा निर्दोष पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज केस रद करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन
- 12 क्वार्टर एरिया में डीजे विवाद के दौरान गणेश की मौत मामले पर पुलिस के खिलाफ केस दर्ज करने का मामला



**हिसार।** लघु सचिवालय गेट के सामने पुलिस के समर्थन में नारेबाजी करते विभिन्न संगठनों के लोग।

- लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन करते हुए महिला हुई बेहोश, अस्पताल में भर्ती करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

12 क्वार्टर एरिया में डीजे विवाद के चलते छत गिरकर युवक गणेश की मौत मामले में पुलिस के खिलाफ हत्या समेत अन्य धारा में केस दर्ज करने से नाराज हरियाणा पुलिस संगठन व जन संगठनों ने गुरुवार को शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सेवानिवृत्त कर्मचारी, पुलिस कर्मचारियों के परिजन और विभिन्न जन संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस के समर्थन में नारेबाजी की, जबकि पुलिस कर्मचारियों पर केस दर्ज करने के खिलाफ सरकार पर अपना गुस्सा जाहिर किया। बाद में जन संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में पुलिस कर्मचारियों पर हमला करने वालों पर दर्ज मुकदमे में आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने तथा निर्दोष पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज केस रद करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान एक महिला बेहोश भी हो गई, जिसके चलते पुलिस ने उन्हें तुरंत उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। इससे पूर्व गुरुवार सुबह हरियाणा पुलिस संगठन के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि व पुलिस कर्मचारियों के परिवार के सदस्य क्रांतिमान पार्क में एकत्रित हुए। इस मौके पर हरियाणा पुलिस संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह स्याहड़वा ने बताया कि बीती 7 जुलाई को 12 क्वार्टर क्षेत्र में अपनी ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मचारियों पर अपराधिक तत्वों ने जान से मारने की नीयत से गंडासी, लाठी-डंडे व ईंट-पत्थरों से हमला कर चोटें पहुंचाई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना से पुलिस का कोई लेना-देना नहीं था। इसके बावजूद सरकार ने सारी हकीकत जानते हुए बिना किसी जांच के राजनीतिक दबाव में घटना के 10 दिन बाद पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया, जो कतई न्याय संगत नहीं है। इससे पुलिस का मनोबल टूटता है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डीजे विवाद की सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो चुकी है। इस बारे में सब जान चुके हैं कि पुलिस वालों पर हमला किया गया था, पुलिस कर्मचारियों को भी इस मामले में चोट लगी थी। लेकिन राजनीतिक दबाव में अब पुलिस पर ही केस दर्ज किया गया है। राजनीतिक दबाव में पुलिस कर्मचारियों पर दर्ज झूठा मुकदमा रद्द किया जाए और उक्त आपराधिक तत्वों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पुलिस कर्मचारी निडर होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकें।

#### प्रदर्शन के चलते राजगढ़ रोड पर लगा जाम

विभिन्न संगठनों के सदस्य प्रदर्शन करने के लिए क्रांतिमान पार्क से मार्च करते हुए राजगढ़ रोड पर उतरे तो सड़क पर लंबा जाम लग गया। प्रदर्शन में लोगों की इतनी अधिक भीड़ थी कि राजगढ़ रोड को वन-वे करना पड़ा। एक तरफ से ही वाहनों का आवागमन रहा। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोग लघु सचिवालय पहुंचे, जहां पुलिस ने सचिवालय के मुख्य गेट पर ही उन्हें रोक लिया।



**आदमपुर।** दौरे के दौरान उपस्थित आदमपुर तहसीलदार रामनिवास भादू।

## तहसीदार ने सेमग्रस्त गांवों का दौरा करके लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

- दौरे पर आए किसान नेताओं ने तहसीलदार को गिनाई समस्याएं

आदमपुर तहसीलदार रामनिवास भादू ने क्षेत्र के किसान नेताओं के साथ मिलकर गांव चूली बगडियान, किशनगढ़, दड़ौली तथा आदमपुर शहर के आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को समाधान के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने दौरे के दौरान किसानों ने जलभराव, फसल खराबी, नहरी पानी की कमी, भूमि विवाद, व मुआवजा वितरण जैसी समस्याएं तहसीलदार के समक्ष रखीं। तहसीलदार भादू ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी हर समस्या को प्राथमिकता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान हितों को सर्वोपरि रखते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। तहसीलदार ने गांवों में नहरों व जल स्त्रोतों का निरीक्षण भी किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर किसान नेताओं ने भी प्रशासन के सहयोग की सराहना की और कहा कि अगर इसी तरह अधिकारी गांवों का नियमित दौरा करते रहें तो किसानों की समस्याओं का समाधान जल्दी और प्रभावी ढंग से हो सकेगा। तहसीलदार रामनिवास भादू ने कहा कि किसानों की समस्याएं प्रशासन की प्राथमिकता में हैं और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे फील्ड में जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और लोगों को राहत दें। इस अवसर पर गांव के नंबरदार सुनील, जयवीर, प्रताप बेनीवाल, वेद प्रकाश सहू, लीलूराम, रामकुमार भादू, सूबे सिंह,सज्जन, जगतपाल मूंड, रवि बैनीवाल, रणसिंह, मांगेराम, नरेंद्र, बलराज आदि किसान मौजूद रहे।



**हिसार।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को योजना की जानकारी देते जिला सलाहकार विनोद कुमार। फोटो : हरिभूमि

## अमृत योजना 2.0 के तहत हिसार में घर-घर सर्वे और पानी की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अमृत योजना 2.0 के तहत हिसार शहर में हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के उद्देश्य से जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा डोर टू डोर सर्वे और पानी की जांच की जाएगी। यह कार्य अमृत मित्रा कार्यक्रम के अंतर्गत शहरी आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से करवाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला सलाहकार विनोद कुमार ने बताया कि हिसार के सभी वार्डों में यह सर्वे तीन स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा। पहला समूह वार्ड 1 से 7 तक वैध व अवैध कनेक्शनों का सर्वे करेगा, दूसरा समूह वार्ड 8 से 14 में यही कार्य करेगा वहीं, तीसरे समूह की महिलाएं प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन दो पानी के सैंपल की जांच करेंगी, जिसमें ओटी किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता का पता लगाया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक वार्ड में पानी की उपलब्धता की भी जांच की जाएगी, जिससे विभाग के अधिकारियों को पानी की सप्लाई व्यवस्था में सुधार करने में मदद मिलेगी।

### गवाही से मुकरने के लिए 13 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कोर्ट में गवाही से मुकरने के लिए 13 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी सिसाय बोलान निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात सब इंस्पेक्टर प्रेम ने बताया कि वर्ष 2024 में गांव सिसाय बोलान निवासी महाबीर के दो भतीजे एक मामले में जेल में बन्द थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर अदालत में गवाही के दौरान मुकरने के लिए महाबीर से 13 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी की थी। सदर थाना पुलिस में दर्ज मामले पर सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## जलभराव से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे को लेकर इनेलो ने किया प्रदर्शन

- बास तहसलीदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

बास तहसील के गांवों में भारी बारीश के चलते बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे को लेकर इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान व जिला अध्यक्ष सतपाल काजला के नेतृत्व में इनेलो पार्टी ने प्रदर्शन किया।

नारनौंद के इनेलो हलका अध्यक्ष राजेश बिल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि हलके इनेलो कार्यकर्ता व किसानों ने भारी संख्या में प्रदर्शन में भाग लिया और बास तहसील पहुंचे जहां उमेद लोहान ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर उमेद लोहान ने अपने संबोधन में कहा कि बास तहसील के गांवों के खेतों में कई फिट पानी खड़ा हो गया है जिसके चलते किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। सरकार किसानों को तुरंत प्रभाव से मुआवजा दे और खेतों से जल्द से जल्द पानी की निकासी की व्यवस्था करे। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, रमेश मोर, तेलूराम सरपंच,महाबीर सरपंच, जयपाल, मास्टर हुक्म मदनहेड़ी, नफे बड़ाला, सुखबीर, अनिल, जग्गू, दयानंद वकील, भूपेंद्र, बीनू, आशीष सीसर, सतेंद्र पुनिया, रणबीर आदि मौजूद थे।



**नारनौंद।** इनेलो राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान बास तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए।

## जमीनी विवाद में जानलेवा हमला करने वाले दो भाई दोषी करार

- अदालत दोनों आरोपियों को 29 को सुनाएगी सजा

**हिसार।** एडीजे निशांत शर्मा की अदालत ने जमीनी विवाद के चलते जानलेवा हमला करने के आरोपी दो भाइयों को दोषी करार दिया है। दोषी करार दिए गए दोनों भाई उकलाना थाना क्षेत्र के गांव मुगलपुरा निवासी अंशु व संजू उर्फ सज्जन है। उन्हें 29 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी। अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में शिव कॉलोनी में रहने वाले मुगलपुरा निवासी मुकेश ने शिकायत दर्ज करवाई थी जिस पर उकलाना पुलिस ने एक मई 2020 को केस दर्ज किया था। इस मामले में जेल में बंद राजेंद्र की वर्ष 2021 को मौत हो गई थी। मामले के अनुसार शिव कॉलोनी वासी मुकेश ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह एचएयू में सिक्योरिटी गार्ड है और पिछले तीन-चार साल से हिसार में रह रहा है। 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे वह अपने गांव मुगलपुरा गया था। उसके साथ उसका भाई मनोज और मां लखपति भी थी। तीनों अपने खेत से साहू रोड की ओर जा रहे थे। उनके ताऊ के बेटे सुनील कुमार से जमीन के बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। सुनील ने अपने हिस्से में ज्वार का बीज रखा हुआ है। खेत पर राजेंद्र, उसके दोनों बेटों सहित पांच-सात अन्य परिजनों ने पकड़ लिया और हमारे ऊपर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। मुकेश ने बताया कि उसकी मां जब भाई मनोज को बचाने लगी तो सज्जन ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया। शोर-शराबा होने पर भीड़ जमा होने पर सभी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। इसी मामले में उकलाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था और अदालत ने गुरुवार को दोनों आरोपी भाइयों अंशू व संजू उर्फ सज्जन को दोषी करार दिया है।

## अध्यापक संघ ने खंड बरवाला में दिया धरना

**बरवाला।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने राज्य सरकार पर वादा खिलाफी करने व तुगलकी फरमान जारी करने का आरोप लगाते हुए खंड बरवाला में धरना देकर ज्ञापन सौंपा। धरना की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान रामपाल ने की तथा संचालन बाबू लाल ने किया। धरना को संबोधित करते हुए को राज्य आडिटर पवन कुमार, जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने कहा कि सरकार अध्यापकों की अनदेखी कर रही है, जिसको लेकर अध्यापकों में भारी रोष है। धरना को जिला उप प्रधान वीरेंद्र सिंह व हिसार प्रथम के प्रधान शमशेर, ब्लॉक के कैशियर सत्यवान, रणसिंह,हेमसा के दिनेश कुमार मौजूद रहे।





**हिसार।** अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम।

## नगर निगम ने ऑटो मार्केट फेस-3 व मिलगेट रोड से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत मिलगेट रोड से खोखे उठाकर की। इसके बाद टीम ऑटो मार्केट फेस-3 में पहुंची। वहां से भी टीम ने बाहर रखे पुराने टायरों को उठाया। इसके साथ-साथ इसी मार्केट से बाहर रखे अन्य सामान को भी उठाया गया। इसके बाद टीम ने जाट कॉलेज रोड से अतिक्रमण हटाया। टीम ने जिन्दल चौक से आईटीआई चौक व न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान तहबाजारी टीम के साथ जेई राजकुमार मौजूद रहे।

### पार्षद बोले, स्ट्रीट लाइट एजेंसी के ठेकेदार परिषद के चेयरमैन तथा सीईओ को कुछ नहीं समझते

# स्ट्रीट लाइट के मुद्दे पर जिला परिषद की बैठक में जमकर हंगामा

- एजेंसी खुद को समझती है सरकार से ऊपर : पार्षद
- पार्षदों की स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याएं एक सप्ताह में दूर करवाएं, नहीं तो एजेंसी पर होगी एफआईआर : चेयरमैन
- जिला परिषद की बैठक में राखीगढ़ी को विशेष ग्राम का दर्जा दिलाने का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला परिषद के सभागार में बुधवार को जिला पार्षदों की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग ने की। बैठक में जिला परिषद के अधीन गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने वाली एजेंसी को लेकर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। पार्षदों ने एक सुर में कहा कि स्ट्रीट लाइट लगाने वाली एजेंसी तो सरकार से ऊपर हो गई है। एजेंसी परिषद के चेयरमैन तथा सीईओ को भी कुछ नहीं समझती। बाद में चेयरमैन ने अधिकारियों को आदेश दिए कि एक सप्ताह के अंदर स्ट्रीट लाइट से जुड़ी पार्षदों की सभी समस्याओं को दूर किया जाएं, नहीं तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएं। इसके अलावा वार्ड 30 से पार्षद सत्यवीर सिंह ने सामान्य बैठक में वार्डों के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए कम समय मिलने का हवाला देते हुए जिला परिषद का दो दिवसीय सेशन बुलाए जाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर चेयरमैन सिहाग ने कहा कि अगस्त में 21-22 को दो दिन का सत्र बुलाया जाएगा। बैठक में 5 प्रस्ताव रखे गए। इसमें ग्राम दर्शन पोर्टल के प्रस्ताव को छोड़कर चार प्रस्ताव पारित कर दिए गए। बैठक में राखीगढ़ी को विशेष ग्राम का दर्जा दिलाने का भी प्रस्ताव रखा, जिसे पारित कर दिया गया।



**हिसार।** जिला परिषद की बैठक में चेयरमैन सोनू सिहाग के सामने मुद्दे उठाते पार्षद।

#### 7 करोड़ 9 लाख रुपये की ग्रांट मिली

जिला परिषद को कुल 7 करोड़ 9 लाख रुपये की ग्रांट मिली है। जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग ने तय किया कि 2 करोड़ रुपये के प्रस्ताव वह अपने स्तर पर तैयार कराएंगे। 5 करोड़ रुपये सभी 29 पार्षदों में समान तौर पर वितरित किए जाएंगे। इससे पार्षद अपने अपने एरिया में विकास कार्य करा सकेंगे।

#### जितनी भी स्ट्रीट लाइटों लगाई, अधिकतर बंद

वार्ड 25 पार्षद यादवेंद्र यादव व वार्ड 29 से पार्षद सुनील माजरा ने कहा कि अब तक एजेंसी द्वारा जितनी भी स्ट्रीट लाइटों लगाई गई है, उनमें अधिकतर बंद पड़ी है। जब एजेंसी के ठेकेदार को फोन करते है तो वह फोन नहीं उठाता। अगर उठाता है तो कहता हैं मैं तो ऐसे ही काम करूंगा, जो तुमसे होता है कर लो। सुनील माजरा ने कहा कि चेयरमैन साहब ठेकेदार पर कार्रवाई करो। पार्षदों ने एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग उठाई। पार्षद यादवेंद्र यादव ने कहा कि अधिकारी उस पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे? क्या अधिकारियों का कमीशन बंधा हुआ है? इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि मीटर कनेक्शन नहीं लेने के कारण भी स्ट्रीट लाइट नहीं जलने की दिक्कत आ रही है।

#### जनप्रतिनिधि की बजाय चपरासी जैसा व्यवहार

बैठक में चेयरमैन सोनू सिहाग ने कहा कि पहले की अपेक्षा अब सभी वार्डों में काम तेजी से हो रहे हैं। इस पर वार्ड 30 से पार्षद सत्यवीर संधु ने आपत्ति उठाते हुए कहा कि मेरे वार्ड में अब तक मेरे द्वारा दिए गया एक भी काम पूरा नहीं हुआ है। इसके लिए नाराजगी चेयरमैन के प्रति जताई जाती है, जबकि चेयरमैन और एक्सईएन का कोई दोष नहीं होता। पार्षद सत्यवीर सिंह ने खुद के अनुभव का साझा करते हुए बताया कि परिषद कार्यालय में मेरे द्वारा दिए गए कामों के एस्टीमेंट को लेकर अपडेट लेने पहुंचा तो मुझसे जनप्रतिनिधि की बजाय चपरासी जैसा व्यवहार मेरे साथ किया गया। मुझे एक टेबल से दूसरी टेबल का रास्ते दिखाते रहे, लेकिन अपडेट जानकारी तक उपलब्ध नहीं करवाई।

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

## डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

## जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

## डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस

**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में



कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

## मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस

**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने




तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

## शीप एंड डॉग बिल्डिंग

**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले



पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

बच्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क लो रो फि ल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।




**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।

**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जै से - जै से टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।

**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

# बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले

**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे। -तृप्ति, रायपुर

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है। -किंशुक, बिलासपुर

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ

आज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा,'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने



पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# शिक्षा का महत्व बताती कहानी


बच्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से




रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *

**किताब**-रेवा, **लेखक**-प्रभात, **चित्र**-प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**-75 रुपए, **प्रकाशक**-एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर



अनन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद

## खबर संक्षेप

### तीज महोत्सव में राखी व स्वदेशी उत्पादों की रही धूम

**हिसार।** स्वदेशी विचारधारा की अलख जगाते हुए स्वदेशी जागरण मंच द्वारा हकृवि स्थित कैंपस स्कूल में सावन तीज महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। तीज व राखी उत्सव के रूप में मनाए गए इस महोत्सव में राखी व स्वदेशी उत्पादों की धूम रही। इस अवसर पर जहां ढोल की थाप पर युवतियों ने नृत्य करके खूब रंग जमाया, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मेहंदी कला का प्रदर्शन करके युवतियों ने अपनी कला कौशल का परिचय दिया।

### स्वास्थ्य केंद्र में करवाए तीन सिजेरियन केस

**बरवाला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कम उपमंडल नागरिक अस्पताल में एसएमओ डॉ ज्ञानेंद्र सिंह के आदेशानुसार सुपरविजन के तहत तीन सिजेरियन केस करवाए गए है। इसमें 2 लडकियां और 1 लडका पैदा हुआ हैं और जच्चा और बच्चा दोनो ही स्वस्थ है जो कि हरियाणा सरकार द्वारा फ्री करवाए गए है । इन परिवारों से किसी भी प्रकार का कोई खर्चा नहीं लिया गया है। आज तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कम उपमंडल नागरिक अस्पताल बरवाला में 17 सिजेरियन केस किए जा चुके हैं।

### वैदिक मंत्रोचार के साथ रूद्र पूजा संपन्न

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार परिवार द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य पर आयोजित सामूहिक रूद्र पूजा एवं सत्संग वृहद भक्तिमय रूप से वैदिक मंत्रोच्चार से संपन्न हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक एवं स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में रुद्र पूजा से पहले विश्व शांति और नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा पाने के लिए ॐ नमः शिवाय का जाप किया गया।

### बीड़ बबरान धाम में धूमधाम से हुआ रुद्राभिषेक

**हिसार।** महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में भगवान शिव की पूजा व आराधना करते हुए पूरे विधि विधान से रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान पूरा धाम जय भोले शंकर और जय भोले भंडारी के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। इसके साथ ही महाकाल का भांग व पुष्प से श्रृंगार किया गया। यह स्वरूप देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए और भक्तों ने महाकाल के स्वरूप के समक्ष माथा टेककर अपनी आस्था व्यक्त की। विशेष बात यह है कि महाकाल का जिन रंगों से श्रृंगार किया गया, वे सभी रंग फूलों से प्राकृतिक रूप से बनाए गए।

### जैन स्कूल में करवाई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**हिसार।** जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत विकास परिषद (विवेकानंद शाखा) की ओर से सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें शाखा के सदस्य एवं जैन स्कूल कमेटी प्रबंधन के सदस्य सुनील जैन, नवीन जैन, प्रवीण जैन एवं डॉली जैन, ऋतु जैन एवं जैन स्कूल की प्रधानाचार्या हेमा चावला शामिल थे। सभी अध्यापिकाओं ने उनका स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में छठी से बारहवीं तक के बच्चों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## सफाई व बेसहारा गोवंश को लेकर नगर परिषद कार्यालय में प्रदर्शन

# सफाई व्यवस्था व बेसहारा पशुओं की समस्या को लोगों ने लगाया जाम



हांसी। चार कुतुब गेट के समीप जाम लगाती महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*



हांसी। जाम के दौरान पुलिस अधिकारी से बहस करते पार्षद दुली चंद नागौरा।

### शहर के वार्ड नंबर एक व 26 के लोग समस्या को लेकर हुए एकजुट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी**

सफाई व्यवस्था व बेसहारा गोवंश की समस्या को लेकर गुरुवार को शहर के वार्ड नंबर एक व 26 के लोगों ने वार्ड पार्षद के नेतृत्व में पहले नगर परिषद तथा उसके बाद चारकुतुब गेट के समीप जाम लगा कर प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद प्रशासन व चेयरमैन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वार्ड नंबर 1 और 26 में लंबे समय से जारी गंदगी और आवारा पशुओं की समस्या को लेकर वार्ड नंबर एक व 26 के पार्षद दुलीचंद नागौरा की अगुआई में भारी संख्या में क्षेत्रवासी, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और वहां नगर परिषद चेयरमैन कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

#### चार कुतुब गेट के पास लगाया जाम

नगर परिषद कार्यालय में हंगामा करने के बाद आक्रोशित लोगों ने हांसी-बरवाला रोड पर चार कुतुब गेट के पास जाम लगा दिया। सड़क जाम व प्रदर्शन के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगाए जाने की सूचना मिलते ही सिसाय पुल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन जाम का नेतृत्व कर रहे पार्षद दुलीचंद नागौरा ने नगर परिषद अधिकारियों को मौके पर बुलाने तथा उनके वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने तक सड़क जाम खोलने से मना कर दिया।

#### बुरी तरह चरमराई है सफाई व्यवस्था

इस अवसर पर वार्ड पार्षद दुलीचंद नागौरा व प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड की रेगर बस्ती, वाल्मीकि बस्ती और उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा हुई है। बरसाती सीजन में मच्छरों की वजह से उनके वार्ड के प्रत्येक घर में कोई ना कोई सदस्य बीमार है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर गंदगी और गलियों में घूमते आवारा पशुओं के कारण उनका जीना दूभर हो गया है। पार्षद दुलीचंद ने बताया कि सफाई व्यवस्था व बेसहारा पशुओं की समस्याओं के निवारण के लिए वे नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण ऐलावादी के समक्ष कई बार उठा चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हर बार जल्द समाधान का आश्वासन देकर टरका देते हैं।

#### चेयरमैन के आश्वासन पर माने लोग

इस दौरान नगर परिषद चेयरमैन प्रवीण ऐलावादी ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनके वार्ड की समस्याओं के जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार का टेंडर रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

# स्टार्टअप फाइनेंस और बिजनेस मॉडलिंग पर विस्तार से चर्चा

- प्रतिभागी यह समझें कि स्टार्टअप के किस चरण के लिए कौन सा फंडिंग मॉडल उपयुक्त : डॉ. नरवाल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) की ओर से शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल (एमआईसी) और एआईसीटीई के सहयोग से जारी फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) ऑन इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के तीसरे दिन प्रतिभागी शिक्षकों को स्टार्टअप फाइनेंसिंग और रणनीतिक बिजनेस मॉडलिंग के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। दिन की शुरुआत एचएसबी के प्रोफेसर ऑफ फाइनेंस और डीन डॉ. कर्मपाल नरवाल के सत्र से हुई, जिनका विषय था 'स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय प्रबंधन'। डॉ. नरवाल ने स्टार्टअप के जीवन चक्र में वित्तीय योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. नरवाल ने विभिन्न प्रकार के निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता, रिटर्न की अपेक्षाएं और उनके परिचालन में शामिल होने के स्तर में अंतर को समझाया, जिससे प्रतिभागी यह समझ सके कि स्टार्टअप के किस चरण के लिए कौन सा फंडिंग मॉडल उपयुक्त होता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि वित्तीय साक्षरता और नकदी प्रवाह प्रबंधन किसी भी उद्यम की स्थिरता और वृद्धि के लिए आवश्यक है। दिन के शेष सत्र रिपोजिटरी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं सीईओ नितिन गोयल द्वारा संचालित किए गए। पहले सत्र 'बिजनेस मॉडल कैनवस एक रणनीतिक उपकरण के रूप में' में नितिन गोयल ने बीएमसी के नौ निर्माण खंडों-जैसे कि प्रमुख साझेदार, मूल्य प्रस्ताव, ग्राहक संबंध, और राजस्व स्रोत—की विस्तार से व्याख्या की। दूसरे सत्र 'गतिविधियों के माध्यम से बीएमसी की समझ' में नितिन गोयल ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। तीसरा दिन उत्साह और ज्ञानवर्धन के साथ संपन्न हुआ, जहां प्रतिभागियों ने स्टार्टअप्स के वित्तीय और रणनीतिक पहलुओं पर गहरी समझ विकसित की।

# अमावस्या पर लगा हरियाली मेला

- रावतखेड़ा के नवनिर्मित साथरी मंदिर में हरियाली अमावस्या पर मेले का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई। *फोटो: हरिभूमि*

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि किसी भी समाज की पहचान उसकी संस्कृति, शुद्ध खान-पान, रीति रिवाजों और संस्कारों से होती है। बात अगर शुद्धता की आती है चाहे पर्यावरण की शुद्धता हो या खानपान की शुद्धता या रहन-सहन की शुद्धता की बात हो, बिश्नोई समाज की पूरी दुनिया में एक अलग ही पहचान है।

कुलदीप बिश्नोई नलवा हलके के गांव रावतखेड़ा में प्राचीन श्री साथरी मंदिर में सावन मास की हरियाली अमावस्या पर विशाल मेले को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज से 550 वर्ष पूर्व ही गुरू महाराज ने दुनिया की 36 कौम को एक नियमपूर्वक जीवन शैली जीने की राह दिखाई थी, जिस पर चलकर ही हम एक आदर्श समाज की स्थापना कर सकते हैं और जीव व पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। तत्पश्चात कुलदीप बिश्नोई ने विधायक रणधीर पनिहार के साथ नलवा हलके के गांव बाड्या ब्राह्मण, बाड्या रांगड़ान में विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

# महोत्सव में कविता वर्मा बनीं तीज क्वीन

- तीज उत्सव में महिलाओं ने बिखेरे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रंग
- भाविप चन्द्रशेखर आजाद शाखा का भव्य दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**



हिसार। भाविप के कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

भारत विकास परिषद चन्द्रशेखर आजाद शाखा के दायित्व ग्रहण समारोह, तीज महोत्सव एवं कृत्रिम अंग वितरण के भव्य कार्यक्रम का जहाजपुल स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा दायित्व ग्रहण एवं कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम के उपरांत तीज महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें तीज क्विन, गायन, नृत्य, मेहंदी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शाखा के अध्यक्ष रोहताश कुमार ने बताया कि तीज क्विन का खिताब कविता वर्मा को मिला तथा प्रथम रनर अप उमा शर्मा व द्वितीय रनर अप कविता जांगड़ा रहीं। नृत्य प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में साक्षी/रियान प्रथम, काव्या द्वितीय व ऋषिका तृतीय रहे। नृत्य के वरिष्ठ वर्ग में कविता जांगड़ा प्रथम, कविता वर्मा द्वितीय व नीलम तृतीय स्थान पर रहीं। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में यति शर्मा प्रथम, काव्या द्वितीय व प्रिंयका तृतीय रहीं। गायन प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम यति वत्स, द्वितीय निष्ठा, तृतीय जैसमीन रहीं तथा वहीं वरिष्ठ वर्ग में सत्यवती प्रथम, कृष्णा द्वितीय व निष्ठा तृतीय स्थान पर रही। कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम के दौरान दो बच्चों सहित कुल पांच दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरित किए गए। मंच का संचालन आचार्य पवन वत्स ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका राखी जोशी, अंतर्राष्ट्रीय कत्थक नृत्यांगना, प्रीति शर्मा प्रसिद्ध नृत्य कलाकार एवं रेखा शर्मा ने निभाई।

#### ये रहे मौजूद

शाखा सचिव बंता सिंह ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद शाखा की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अध्यक्ष भाविप, हरियाणा पश्चिम के जिला हिसार के समन्वयक ऋषिराज बुड़ाकिया ने शाखा के अध्यक्ष, सचिव, वित्त सचिव तथा नये सदस्यों को दायित्व की शपथ दिलवाई एवं भारत विकास परिषद् का संक्षिप्त परिचय दिया। महिपाल यादव, राष्ट्रीय टीम सदस्य भाविप (सेवा) ने भाविप की विभिन्न शाखाओं के कार्यों का ब्यौरा दिया।

# शहीद चन्द्रशेखर आजाद के जन्मदिवस पर किया पौधरोपण



**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा गुरुवार को शहीद भगत सिंह पार्क व शहीद मदन लाल ढींगरा पार्क में अमर शहीद वीर योद्धा चन्द्रशेखर आजाद का 119वां जन्मदिवस प्रतिमा पर माल्यार्पण व पौधारोपण मनाया। कार्यक्रम के हरीश गंगवानी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और पार्क में शहीद चन्द्रशेखर आजाद के नाम पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर हरीश गंगवानी ने सरकार से मांग की कि जिन शहीदों ने देश को आजाद करवाने के लिए बलिदान दिया है उनके परिवारों को खोज उनका सम्मान और रहन सहन की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सुदर्शन सचदेवा, राजकुमार, विजय पाल शास्त्री, रामस्वरूप खट्टर, हरीश गंगवानी, हंसराज खेत्रपाल, फतेह सिंह गुर्जर, कश्मीरी लाल ग्रोवर, किशोरी नागपाल, प्रेम गुलाटी, मलकियत सिंह, केशू, जस्सी, निक्कू, आदि उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण पर मिलेगा 5 हजार भत्ता

- प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के क्रियान्वयन को लेकर बैठक की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर**



आदमपुर। बैठक में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को लेकर चर्चा करते हुए अधिकारी।

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. जगमोहन दुहन ने की। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नरेश कुमार सहित सभी असिस्टेंट ट्रेनिंग ऑफ़िसर और अप्रेंटिशिप प्रभारी उपस्थित रहे। ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफ़िसर नरेश कुमार ने इंटर्नशिप योजना के उद्देश्यों और लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को देश की शीर्ष कंपनियों में 12 माह तक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे न केवल छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, बल्कि उन्हें 5000 रुपये मासिक भत्ता भी प्रदान किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विभाग अपने उत्कृष्ट विद्यार्थियों की सूची तैयार कर प्लेसमेंट सेल को सौंपेगा तथा इच्छुक कंपनियों से समन्वय स्थापित कर उन्हें इंटर्नशिप के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में विभागाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, विवेक दलाल, गौरव कुमार, सुनील धीमान, विष्णु बिश्नोई, विजयपाल, मनोज गोस्वामी और आनंद उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री के पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाकर फरार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी**



टंकी फुल करवा बिना रुपए दिए भागने वाली कार सीसीटीवी फुटेज में कैद।

तोशाम चुंगी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पूर्व मंत्री सुभाष गोयल के बीसीसीएल के पेट्रोल पंप हरियाणा ऑटो सर्विस से बुधवार रात को 11.45 बजे 3590 रुपये का पैट्रोल डलवा कर बिना रुपए दिए भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में पैट्रोल पंप सेल्समैन सुमित सैनी द्वारा शहर थाना पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज को कब्जे में लेकर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में सुमित ने कहा है कि वह हरियाणा ऑटो सर्विस पर पिछले चार साल से सेल्समैन के पद पर कार्यरत हूं। सुमित सैनी ने बताया कि वह काल रात को पेट्रोल पंप पर ड्यूटी पर था और रात 11.45 बजे एक नई स्विफ्ट कार आई और कार चालक ने उसे कार की टंकी फुल करने के लिए कहा।

# छात्राओं ने बिखेरी सांस्कृति की छटा

- सेठ श्योप्रसाद के जन्मदिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी**



हांसी। विद्यालय संस्थापक श्योप्रसाद शोरे वाले के जन्मदिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती स्कूली छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

पीसीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व एलडीएसडी पब्लिक स्कूल में विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय श्योप्रसाद शोरे वाले का 120वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी नरेश यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतीक गोयल कड़ियों वाले ने की। इस अवसर मुख्यातिथि नरेश कुमार यादव ने स्वर्गीय श्योप्रसाद शोरे वाले को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सेठ श्योप्रसाद ने हांसी क्षेत्र को शिक्षा के द्वारा ऐसे उच्च शिखर पर पहुंचाया, जहां पर पहुंचना बड़ा नामुमकिन लगता था। इस शिक्षा के मंदिर में शिक्षा ग्रहण करके अनगिनत छात्र देश के सर्वोच्च पदों पर आसीन है। विद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान नीरज कुमार बंसल व विद्यालय सचिव रेनू बंसल ने आए हुए मेहमानों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के छात्र- छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, कोषाध्यक्ष अमित बंसल, सतपाल खाण्डे वाला, समाजसेवी पवन गोयल, सुरेश गुप्ता, जगमोहन शर्मा, जयकुमार मित्तल, आरजू सिंगला आदि रहे।

## शहर को ओर हरा-भरा बनाने को लेकर संस्थाओं के साथ बैठक

# निगम ने रखा 15 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

- बैठक में नगर निगम क्षेत्र को ओर हरा-भरा बनाने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**



संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली।

शहर को ओर हरा-भरा बनाने के उद्देश्य को लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने शहर की विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक व्यक्तियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर निगम क्षेत्र को ओर हरा-भरा बनाने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया और सुझाव लिए गए। बैठक के दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर को ओर हरा-भरा बनाने के लिए इस बार नगर निगम द्वारा लगभग 15 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले कुछ समय से पूरे शहर में पौधे लगाए जा रहे है। इस सीजन में हम जो लक्ष्य रखा गया है, उसको पूर्ण कर देंगे। इसके साथ ही जरूरत के अनुसार पौधों पर ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे। रोड के साथ-साथ पौधरोपण किया गया वहां जरूरत के अनुसार फेंसिंग भी की जाएगी।

#### पुराने ट्री गार्ड फिर से यूज करने का निर्णय

इस दौरान यह भी फैसला लिया गया कि शहर में जितने भी पुराने ट्री गार्ड लगे हुए है और उनके पेड़ बड़े हो गए उनको निकालकर पुनः इस्तेमाल किया जाएगा। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना है। उन्होंने कहा कि बैठक में मौजूद सभी ने यह आश्वासन दिया है कि शहर को ओर हरा-भरा बनाने में उनकी संस्था पूरा सहयोग करेगी।

**यह रहे उपस्थितः** बैठक के दौरान एसडीओ सुनील लांबा, जेई सुमित नुनाच, सुपरवाइजर नरेन्द्र श्योराण, वन अधिकारी सूर्या सिंह, पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद मोहित सिघल, पार्षद संजय डालमिया, रिटायर्ड कर्नल चतर सिंह गोयत, संजय सूरा, अंकुर यादव, कृष्ण खटाणा, दिलबाग सिंह, सुनीता रहेजा, रवि कुमार, हरि सिंह, राजकुमार बजाज, सुरेन्द्र बजाज, सुमभ वलेचा, चंद्रकांत, डॉ. रमन भाटी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 34 बेसहारा पशुओं को भेजा गो-अभ्यारण्य

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा तरसेम नगर, सेक्टर 16-17, सेक्टर 9-11 के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 34 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन 27 को

**हिसार।** करनाल में 2-3 अगस्त को होने वाले 39वीं हरियाणा राज्य स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता के लिए जिला हिसार ओपन कैटेगरी महिला व पुरुष वर्ग की शतरंज टीम का चयन 27 जुलाई को सेक्टर 14 स्थित केपी शतरंज अकादमी में किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता द हरियाणा शतरंज एसोसिएशन के सानिध्य में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर किसी भी आयु वर्ग के खिलाड़ी ओपन कैटेगरी में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए शतरंज एसोसिएशन हिसार के पदाधिकारी एडवोकेट नीरज वर्मा , डॉक्टर एस बी लूथरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग के विजेता खिलाड़ी करनाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिसार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### 27 को वेलडन सीए साहब का विशेष शो

**हिसार।** बैलेंस शीट और विभिन्न प्रकार के अकाउंट में उलझे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को मनोरंजक माहौल देने के लिए एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से 27 जुलाई को वेलडन सीए साहब के विशेष शो की व्यवस्था की गई है। सीए आदित्य त्रिवेदी ने अपने अनुभवों को इस फिल्म में संजोया है।

### दो ट्रैक्टरों का काटा 46 हजार का चालान

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान कृषि कार्य के लिए रजिस्टर्ड दो ट्रैक्टरों का 46 हजार रुपये का चालान किया। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने नियमित जांच के बृहस्पतिवार को रामायण टोल प्लाजा व हांसी बस स्टैण्ड के नजदीक कृषि कार्य के लिए रजिस्टर्ड दो ट्रैक्टर को कर्मशियल कार्य करते हुए पकड़ा गया।

## सभी सेंटर पर सीसीटीवी कैमरा, जैमर्स व बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था

# परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित

*सीईटी परीक्षा को लेकर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के प्रतिनिधियों, ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के साथ उपायुक्त ने की बैठक, बोले, पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करवाना हम सभी का नैतिक दायित्व*

- दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सीईटी परीक्षा को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने वीरवार को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के प्रतिनिधियों, ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करवाना हम सभी का नैतिक दायित्व और जिम्मेवारी है। परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र अधीक्षक कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी प्रोफार्मा, विशेषकर एनेक्जर तीन के तहत विभिन्न रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से देना सुनिश्चित करें। दिव्यांगजन परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय रोल नंबर स्लिप के साथ निर्धारित पहचान पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस जैसे डिजिटल वॉच, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। किसी भी अभ्यर्थी को ऐसे उपकरणों के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने का प्रयास करता है, तो ऐसे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल गिरफ्तारी की जाएगी और संबंधित के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि सभी सेंटर पर सीसीटीवी कैमरा, जैमर्स व बायोमेट्रिक हाजरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसकी रिपोर्टिंग भी समयबद्ध ढंग से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए धारा -163 लगाई जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 10 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित की गई है। परीक्षा को लेकर 45 स्थानों पर 67 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनकी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों की जिम्मेवारी है। परीक्षा केंद्र अधीक्षक यह सुनिश्चित करें कि वे कम से कम 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे और प्रबंधों की व्यापक समीक्षा कर लें।



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन।

### यातायात व्यवस्था व दिशा-निर्देश

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि परीक्षा के दौरान लगभग 1 लाख से अधिक परीक्षार्थी एवं उनके परिजन हिसार आएंगे। इस अवसर पर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस उप अधीक्षक तनुज शर्मा को यातायात पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

मुख्य चौराहों बरवाला चुंगी, सिविल अस्पताल मोड़, बस स्टैंड, तलाकी गेट, नागोरी गेट, परिजात चौक, रानी लक्ष्मीबाई चौक, फव्वारा चौक, कैंप चौक एवं डाबड़ा चौक पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा भारी वाहनों को बाइपास मार्ग का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को क्रेन द्वारा हटाया जाएगा।

### सीईटी परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सामान्य बस स्टैंड पर व्यापक प्रबंध

**हांसी।** आगामी 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी (कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा को लेकर हांसी प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए सामान्य बस स्टैंड पर सभी जरूरी सुविधाओं को समय रहते पूर्ण कर लिया गया है। यह जानकारी देते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने बताया की परीक्षार्थियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समन्वय से कार्य करें। साथ ही परीक्षार्थियों से भी अनुरोध किया कि वे समय पर बस अड्डे पर पहुंचे और यात्रा के दौरान अपना एडमिट कार्ड साथ रखें। वहीं हांसी बस स्टैंड इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि परीक्षा के दोनों दिन परीक्षार्थियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए 65 सरकारी बसों के साथ-साथ निजी बसों की सेवाएं भी ली जाएंगी। बस अड्डे पर पूछताछ केंद्र के साथ एक अतिरिक्त हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, जिस पर दो शिफ्टों में चार कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### सीईटी परीक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने अधिग्रहित की छह धर्मशालाएं

**हिसार।** सीईटी-2025 परीक्षा के मद्देनजर हिसार जिला प्रशासन ने आवेदकों की सुविधा के लिए 6 धर्मशालाओं का अधिग्रहण किया है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि परीक्षा अवधि के दौरान जिले में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए अस्थायी ठहराव की व्यवस्था आवश्यक है। जिलाधीश अनीश यादव ने धर्मशालाओं को 25 जुलाई से 28 जुलाई तक पुलिस अधीक्षक हिसार/हांसी को सौंपने के निर्देश धर्मशालाओं के मालिकों व प्रबंधकों को दिए गए हैं। जारी आदेशों में बताया गया कि जिन धर्मशालाओं का अधिग्रहण किया गया है, उनमें पंजाबी भवन (सेक्टर-14), नामदेव धर्मशाला, शांति देवी धर्मशाला (बस स्टैंड के पास), राजपूत धर्मशाला, देवी भवन धर्मशाला और यादव धर्मशाला शामिल हैं।

### परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के पुख्ता प्रबंध रहेंगे : यशवर्धन

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने बताया कि 26 व 27 जुलाई को होने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा को शांतिपूर्वक और बिना किसी बाह्य हस्तक्षेप के करवाने और परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के सुगम आवागमन के लिए हांसी पुलिस ने पुख्ता प्रबंध किए गए है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र में देरी से पहुंचने वाले परीक्षार्थी हांसी पुलिस की डायल-112 की मदद ले सकेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात पर्यवेक्षण अधिकारी और थाना ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी वाहन सड़क पर न खड़ा हो। सभी ऑटो चालक अपने ऑटो को एक लाइन में चलाए और बिना निर्धारित स्थान के ऑटो को कही भी सड़क पर न रोके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा 26 व 27 जुलाई को पुलिस जिला हांसी के एक परीक्षा केंद्र दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित होगी।

## आरपीएस स्कूल में भाषण प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल प्रांगण में बृहस्पतिवार को तीसरी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने मानसून, देशभक्ति, समय का महत्व और व्यायाम के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए।

प्रतियोगिता में तीसरी कक्षा की छात्रा दीक्षा, चौथी की छात्रा शिवांशी और पांचवी की छात्रा सनाया ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सुनील यादव, ललिता सेठी और सविता कालीरावण ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में विद्यालय की मुख्याध्यापिका पूजा राणा द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।




**हांसी।** प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करती स्कूल की मुख्याध्यापिका पूजा राणा। फोटो :हरिभूमि

## चाहत हेड गर्ल व परी बनी डिप्टी हेड गर्ल

### छात्र परिषद का गठन कर अलंकरण समारोह का किया आयोजन

- छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग तथा टीम भावना का विकास करने की दिशा में एक सशक्त कदम : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में गुरुवार को बच्चों में नेतृत्व की क्षमता का विकास करने के लिए छात्र परिषद का गठन कर अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

स्कूल प्राचार्या रेनू बंसल ने बताया कि छात्र परिषद में हेड गर्ल चाहत व डिप्टी हेड गर्ल पद पर परी का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चार सदनों गंगा, कृष्णा, सतलुज एवं व्यास की स्थापना की गई, जिनमें छात्राओं को उनकी योग्यता, अभिरुचियों एवं गतिविधियों में भागीदारी के आधार पर चयनित किया गया। वहीं छात्र परिषद के अंतर्गत प्रत्येक सदन से प्रमुख, उपप्रमुख तथा अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए गए। छात्र परिषद विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह परिषद छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग तथा टीम भावना का विकास करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। गंगा सदन से कैप्टन यशिका सैनी, स्पोर्ट्स कैप्टन भावना, को-करिकुलर इंचार्ज अंशुल, प्रीफेक्ट कीर्ति, कृष्णा सदन से कैप्टन ललिता, स्पोर्ट्स कैप्टन किरण, को-करिकुलर इंचार्ज तपस्या, प्रीफेक्ट- जानवी, सतलुज सदन से कैप्टन अनामिका, स्पोर्ट्स कैप्टन तमन्ना, को-करिकुलर इंचार्ज जानवी, प्रीफेक्ट याशिका, ब्यास सदन से कैप्टन डोली, स्पोर्ट्स कैप्टन अलका, को-करिकुलर इंचार्ज हितांशी, प्रीफेक्ट पद के लिए रूहानी का चयन किया गया। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल ने विद्यालय प्राचार्या की सराहना की।




**हांसी।** नवनियुक्त विद्यार्थी परिषद के सदस्य स्कूल प्राचार्या रेनू बंसल के साथ।

## होली चाइल्ड स्कूल में छात्र परिषद चुनाव ईवीएम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद के चुनाव अत्याधुनिक ईवीएम प्रणाली के माध्यम से संपन्न कराए गए। इस चुनाव में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए डिजिटल माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान के लिए एक ऑनलाइन ईवीएम प्रणाली का उपयोग किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार की फोटो और नाम के सामने दिए गए बटन को दबाकर मतदान किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजपाल सिंधु ने बताया कि छात्र-छात्राओं में राजनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से हर वर्ष विद्यालय में छात्र संसद के लिए चुनाव आयोजित किए जाते हैं।

### उम्मीदवारों के बीच हुआ कड़ा मुकाबला

*इस वर्ष सीनियर और जूनियर वर्ग से विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों के बीच कड़ा चुनावी मुकाबला देखने को मिल रहा है। चुनाव से पूर्व छात्रों को प्रचार-प्रसार का भी भरपूर अवसर दिया गया। उम्मीदवारों ने मंच से जोरदार भाषण देकर अपने विचार प्रस्तुत किए और समर्थन में वोट की अपील की। उनकी आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता देखते ही बनती थी।*

### वोटिंग के बाद बच्चों में खुशी की लहर

विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने बताया कि चुनाव में भगत सिंह, कलाम, टैगोर और टेरेसा हाउस से विद्यार्थियों ने भाग लिया। मतदान की प्रक्रिया के अंत में मतदाता विद्यार्थियों की उंगली पर स्याही लगाई गई, जिससे उनमें वास्तविक चुनाव जैसा अनुभव उत्पन्न हुआ। मतदान के बाद बच्चों ने गर्व से कहा कि उन्हें अब यह समझ में आया है कि प्रत्येक वोट की कितनी अहमियत होती है।



### शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मिलती है मन को शांति : सुमन मित्तल

**आदमपुर।** सीसवाल धाम में संकट मोचन महिला संकीर्तन मंडल सिरसा की सदस्यों ने गुरुवार को हरियाली अमावस्या पर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंडल अध्यक्ष सुमन मित्तल ने बताया कि सीसवाल धाम की काफी महिमा है। इसके चलते मंडल की सदस्यों ने यहां आकर भालेनाथ के दर्शन करने के बारे में विचार किया। शिवलिंग पर जलाभिषेक करके मन को शांति की प्राप्ति होती है। मंदिर परिसर का निर्माण मन को मोह रहा है।

गुजरात की तर्ज पर बन रहा यह भव्य मंदिर अपनी तरफ आकर्षित करता है। महिला मंडल का मंदिर कमेटी प्रधान घीसाराम जैन, तरसेम गोयल, अजीत सिंह सैनी ने मंदिर के इतिहास के बारें में बताया। प्रधान जैन ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर सवा 12 समाजसेवी अश्विनी मिंडा परिवार सहित चंदूलाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से करोड़ों रुपयों की लागत से बनाई जाने वाली धर्मशाला की नींव रखेंगे। इस मौके परकुसुम हिसारिया, ममता लड्डा, सुषमा मुंदड़ा, स्नेहलता, शारदा, सरोज लड्डा, रेणू सिंगला, मीतू बंसल, सरोज तंवर, चंचल गर्ग, ममता सोनी, नीलम खुराना, केशर देवी, सुमन, सीमा, उषा आदि मौजूद रही।

## स्वस्थ कर्मचारी किसी भी संस्थान की असली पूंजी : डॉ. जैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में गुरुवार को मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं एवं उनके परिवारजनों को उन्नत प्राथमिक चिकित्सा जांच सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर विशेषज्ञों की सेवाओं का लाभ उठाया। इस स्वास्थ्य शिविर में मेदांता की 12 सदस्यीय चिकित्सा टीम ने सेवाएं प्रदान कीं, जिसमें वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक, सहायक डॉक्टर एवं अनुभवी पैरा-मेडिकल स्टाफ शामिल रहे। प्रतिभागियों को रक्तचाप जांच, ब्लड शुगर जांच, ईसीजी, एक्स-रे, फेफड़ों की कार्यक्षमता जांच, हीमोग्लोबिन स्तर जांच एवं परामर्श जैसी स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं।



**नारनौंद ।** गांव भैणी अमीरपुर स्कूल में पौधारोपण करते हुए स्कूल के प्राचार्य रमेश कुमार व मुख्य अतिथि एडवोकेट विनोद गर्ग।

### ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर करें धरती का श्रृंगार : गर्ग

**नारनौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैणी अमीरपुर के प्रांगण में गुरुवार को प्राचार्य रमेश कुमार राठी की अध्यक्षता में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट विनोद गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रार्थना सभा में उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के मूलमंत्र दिए तथा प्रकृति के विषय में गहन जानकारी देकर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य अतिथि ने त्रिवेणी लगाकर प्रकृति का श्रृंगार किया। प्राचार्य रमेश कुमार ने वृक्षो से होने वाले लाभ तथा इनके महत्व को बताकर विद्यार्थियों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि महोदय को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया।

### पूर्व कृषि मंत्री के बयान को हास्यास्पद बताया

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री संपत सिंह ने हरियाणा के कृषि मंत्री के उस बयान को किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने वाला बताया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद की कमी के कारण फसलों की बुवाई नहीं हो रही और बोई हुई फसलें खराब हो रही है।

किसान, जिसमें महिलाएं भी शामिल है सुबह से लेकर देर शाम तक खाद बिक्री केन्द्रों पर लाइनों में इस गर्मी और उमस में रात तक खड़े रहते है और खाद न मिलने से निराश होकर रात को अपने घर वापस लौटते है। संपत सिंह ने कहा कि खाद नहीं मिलने से किसानों को पैक्स से बैरंग लौटना पड़ा है। यह क्रम कई दिनों से चल रहा है।

## बैंकों की 110 शाखाएं, अधिकतर का संपति कर लंबे समय से बकाया : वीरेन्द्र सहारण

- अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स के बारे में बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम इन दिनों बकाया प्रॉपर्टी टैक्स के लिए कार्रवाई कर रहा है। इसमें शहर की कुछ व्यासायिक बिल्डिंग पर सीलिंग की कार्रवाई भी की गई है।

इसी कड़ी में बैंक और उनकी शाखाओं के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स बारेनगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण ने नगर निगम के क्षेत्र के बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्र के 110 बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण ने बताया कि शहर में विभिन्न बैंकों की लगभग 110 बैंक शाखाएं है जिनमें से अधिकतर का संपति कर लम्बे समय से बकाया है। उन्होंने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों से कहा कि 31 जुलाई तक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं।



बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करवाने की स्थिति में हरियाणा अधिनियम 1994 के अनुसार सेक्शन 129-130 के तहत नगर निगम कार्रवाई कर सकता है जिसमें भवन को सील करने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अपना टैक्स 31 जुलाई तक जमा करवा दें ताकि नगर निगम को कोई सख्त कार्रवाई न करनी पड़े। इस 31 जुलाई तक हरियाणा सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रॉपर्टी टैक्स पर 10 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। बैठक के दौरान मौजूद सभी बैंकों के प्रतिनिधियों ने समय रहते प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर मौजूद बैंक के सभी प्रतिनिधियों को उनकी बैंक बिल्डिंग के संपति कर के बिल भी उपलब्ध करा दिए गए।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar